# प्रेस नोट - साइबर सेल
# जनपद शाहजहाँपुर
# दिनांक: 10.07.2026

## साइबर अपराधियों के विरुद्ध शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा की गई बडी कार्यवाही।

श्रीमान पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय श्री राजीव कृष्णा द्वारा संचालित **CYVAJRA अभियान** के क्रम में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के नेतृत्व में जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत साइबर सेल, साइबर थाना, सर्विलांस/एसओजी एवं संबंधित थाना पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा साइबर अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों का गहन सत्यापन, तकनीकी विश्लेषण तथा उपलब्ध साक्ष्यों का संकलन करते हुए प्राप्त शिकायतों की विस्तृत जांच की गई। जांचोपरांत उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। साथ ही साइबर अपराधों में प्रयुक्त बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डिजिटल उपकरणों एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का परीक्षण करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

1. अभियुक्त शेखर वर्मा पुत्र केशव सिंह नि0 नगरिया बुजुर्ग थाना जलालाबाद के द्वारा कुल रू0 35000 का फ्राड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 328/26 318 (4)/317(2) बीएनएस व 66 D IT ACT थाना जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।
2. अभियुक्त धीरज वर्मा पुत्र सोनपाल वर्मा नि0 बाघूपुर थाना जलालाबाद के द्वारा कुल रू 23500 का फ्राड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 330/26 धारा 318 (4)/317(2) बीएनएस व 66 D IT ACT जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।
3. अभियुक्त प्रियांसु गुप्ता पुत्र राजेश गुप्ता नि0 महाजन मोहल्ला थाना जलालाबाद के द्वारा कुल रू 21720 का फ्राड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 329/26 धारा 318 (4)/317(2) बीएनएस व 66 D IT ACT जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।
4. अभियुक्त संतोष सिंह पुत्र सेवेन्द्र सिंह नि0 सिउरा थाना सेहरामऊ दक्षिणी के द्वारा कुल रू 6000 का फ्राड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 - 194/26 धारा 318 (4)/317(2) बीएनएस व 66 D IT ACT थाना सेहरामऊ दक्षिई जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।
5. आकाश गंगवार नि0 गदियाना थाना सदर बाजार के द्वारा कुल रू 20000 का फ्रॉड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 343/26 धारा 66 D IT ACT थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।

6. राजू पुत्र वशीम नि0 बीबीजई थाना सदर बाजार के द्वारा कुल 8000 फ्रॉड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 - 344/26 धारा 66 D IT ACT थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।

7. अभियुक्त पंकज सक्सैना थाना अल्हागंज के द्वारा कुल रू 06 लाख का फ्राड किया गया था जिसके विरूद्ध मु0अ0सं0 - 134/26 धारा 318 (4)/317(2) बीएनएस व 66 D IT ACT थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर पंजीकृत किया गया।

### मुख्य विवरण:-

- कुल पंजीकृत अभियोग – 07
- साइबर फ्रॉड धनराशि – रू0 7.20 लाख (अनुमानित धनराशि)

### पुलिस टीम का विवरण:-

1. साइबर सेल, जनपद शाहजहाँपुर
2. साइबर थाना, जनपद शाहजहाँपुर
3. सर्विलांस सेल/एसओजी टीम, जनपद शाहजहाँपुर

4. थाना सदर बाजार, जलालाबाद, अल्हागंज, सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम

**Zero Tolerance against Cyber Crime**

**जनपद शाहजहाँपुर पुलिस**

**"सेवा, सुरक्षा, संवेदना"**